हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 5 अक्टूबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| ]



## खबर संक्षेप

### जिले में 1346 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अक्टूबर तक 1346 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1586.3 मिली मीटर, पुसौर में 1511.4, खरसिया में 1234.5, घरघोड़ा में 1325.4, तमनार में 1081.5, लैलूंगा में 1133.2, मुकडेगा में 1530.7, धरमजयगढ़ में 1048.8, छाल में 1275.5 एवं कापू में 1733.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में शुक्रवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी कैडेट्स एवं शिक्षक उपस्थित थे। स्क्वाड्रन लीडर श्री नायर ने सफाई कर्मियों के कार्यो व समर्पण की सराहहना की तथा कहा कि विद्यालय परिसर की स्वच्छता का श्रेय सफाई मित्रों को ही जाता है। उन्होंने कैडेटों को भी स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने और इसे सेवा भावना से अपनाने का आह्वान किया।

### अरूणा सिंह को भाजपा जिला महामंत्री का दायित्व

**अम्बिकापुर।** भाजपा ने संगठन में पहली बार किसी महिला को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की नई टीम में श्रीमती अरूणा सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोंड जनजाति समाज की श्रीमती अरूणा सिंह लंबे समय से संगठन और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा, सरगुजा जिला संगठन, जनजातीय समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में उल्लेखनीय योगदान दिया है साथ ही प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा, विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यसमिति, महिला मोर्चा की जिला प्रभारी, राष्ट्रीय सेविका समिति, जनजाति सुरक्षा मंच व जनजातीय गौरव में महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुकी हैं।

### गांधी-शास्त्री के विचार हर युग में प्रासंगिक : त्रिपाठी

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा गांधी चौक पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णवजन ते तेने कहिए का सामूहिक गायन किया गया। सदस्यों द्वारा भारतेंदु भवन में वर्तमान परिपेक्ष्य में महात्मा गांधी एवं शास्त्री के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मिशन के संस्थापक सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के विचार हर युग में प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर देश और समाज का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने दोनों महापुरूषों के प्रेरक प्रसंगों को सुनाया। मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के पैरोकर गांधी जी ने हर स्थिति में सत्यनिष्ठा का पालन करते हुए समाज को एक नई दिशा दी। करो या मरो का नारा देने वाले गांधी जी तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री जी जैसे महान विभूतियां अपने यशस्वी शरीर से हमेशा जीवित रहते हैं। पूर्व अध्यक्ष डीएन द्विवेदी ने कहा कि महापुरूषों का जीवन संघर्ष हमें सदैव प्रेरणा देता है।

### घर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

**सूरजपुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 16 न्यू बाजारपारा निवासी राहुल जैन आ. कैलाश चंद जैन 1 अक्टूबर की रात 11 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 5204 को खड़ा किया था। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

---

सफेमा कोर्ट मुंबई के आदेश पर कार्रवाई

# गांजा तस्कर रोहित की 50 लाख से अधिक की संपत्ति फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस का ऑपरेशन आघात लगातार नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कस रहा है। पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गांजा तस्कर रोहित यादव की करीब 50 लाख 64 हजार 653 रुपए की अवैध संपत्ति फ्रीज कराई है। इसमें मकान, चार मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और एक मारुति स्विफ्ट कार शामिल है।

यह कार्रवाई स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) के तहत मुंबई कोर्ट के आदेश पर की गई है। पूरे सरगुजा रेंज में यह दूसरी बार है जब पुलिस ने किसी तस्कर की संपत्ति फ्रीज की है—दोनों ही बार यह कार्रवाई जशपुर पुलिस द्वारा की गई है।




### पहले भी पकड़ा जा चुका है

पुलिस रिकार्ड के अनुसार, रोहित यादव चौकी कोतबा क्षेत्र के ग्राम जामझोर का निवासी है और पिछले कई वर्षों से गांजा तस्करी में सक्रिय है। 6 नवंबर 2021 को कोतबा पुलिस ने उसके कब्जे से 20.570 किलो ग्राम गांजा बरामद किया था। वर्ष 2013, 2017 और 2023 में भी वह गांजा तस्करी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। 2023 में उसे 82 किलो ग्राम गांजा के साथ अंबिकापुर पुलिस ने पकड़ा था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत कई मामले दर्ज हैं जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं।

### 50 लाख की संपत्ति

जशपुर एसएसपी ने बताया कि आरोपी के पास मौजूद संपत्ति उसकी आमदनी के स्रोत से मेल नहीं खाती। रोहित यादव खेती-किसानी का कार्य बताता था, लेकिन उसके पास लाखों की संपत्ति पाई गई। एसएसपी के निर्देश पर एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश कुमार जायसवाल ने जांच की, जिसमें आरोपी के मकान, वाहनों और बैंक खातों का विवरण जुटाया गया। रिपोर्ट सक्षम अधिकारी (सफ़ेमा) कोर्ट मुंबई को भेजी गई। आरोपी को दो बार नोटिस जारी हुआ, परंतु वह अपना पक्ष रखने में असफल रहा। इसके बाद कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) (1) के तहत उसकी संपत्ति को जप्त व फ्रीज करने का अंतरिम आदेश जारी किया।

### पहले हीराधर की संपत्ति हुई थी फ्रीज

इससे पहले मार्च 2025 में जशपुर पुलिस ने थाना बागबहार क्षेत्र के ग्राम हल्दीझरिया निवासी हीराधर यादव की 1 करोड़ 38 लाख की संपत्ति फ्रीज कराई थी। वह भी कुख्यात गांजा तस्कर था।

### एसएसपी बोले- नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि गांजा तस्करी रोकने जशपुर पुलिस की यह कठोर कार्रवाई है। जो लोग नशे के व्यापार से अवैध कमाई कर रहे हैं, उन्हें यह स्पष्ट संदेश है कि उनकी अवैध संपत्ति जब्त की जाएगी। ऐसे तस्कर अब पुलिस की नजर में हैं।

---

# कुनकुरी- तपकरा स्टेट हाइवे पर बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी - तपकरा स्टेट हाईवे पर शनिवार सुबह लगभग सात बजे श्री नदी पुलिया मोड़ के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक और स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें तीन से चार लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना जोरदार था कि स्कॉर्पियो के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

- ट्रक और स्कॉर्पियो की भिड़ंत में चार लोग घायल

घायलों में स्कॉर्पियो ड्राइवर और एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए कुनकुरी अस्पताल ले जाया गया।



### पुलिस ने सम्हाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही कुनकुरी पुलिस दल भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक और स्कॉर्पियो दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### पहले भी हो चुकी है दुर्घटनाएं

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मोड़ पर पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए यहां यातायात व्यवस्था को और सुरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

---

# आरजीएच में लाई गई युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में

**राउरकेला।** शहर के सरकारी अस्पताल में शनिवार को एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रघुनाथपाली थाना क्षेत्र के बालूघाट निवासी के रूप में हुई है।

सूत्रों के अनुसार युवती सुबह रोज़ाना की तरह काम पर निकली थी लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। परिजन उसकी तलाश में जुटे ही थे कि अचानक सूचना मिली कि युवती को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा राउरकेला सरकारी अस्पताल में अर्ध बेहोशी की हालात में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि उसे भर्ती कराने वाला व्यक्ति तुरंत अस्पताल परिसर से गायब हो गया। इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही युवती के परिजन अस्पताल पहुंचे और मौत को संदिग्ध बताते हुए हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई



सामान्य मौत नहीं है। परिजनों व स्थानीय लोगों ने रघुनाथपाली पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती की मौत दुर्घटनावश हुई या किसी साजिश का परिणाम है। रघुनाथपाली थाना पुलिस ने कहा कि मौत के कारणों का पता लगाने और युवती को अस्पताल पहुंचाने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान के लिए जांच जारी है। घटना से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

---

# एनटीपीसी लारा ने आंगनवाड़ी बच्चों को आवश्यक बर्तनों से सशक्त बनाया

**रायगढ़।** सामुदायिक कल्याण में सहयोग हेतु एक हार्दिक पहल के तहत, एनटीपीसी लारा ने आरमुडा गाँव के आंगनवाड़ी केंद्रों में आवश्यक बर्तनों का वितरण दिनांक 04 अक्तूबर 2025 को किया। छोटे बच्चों के पालन-पोषण में इन केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, इस पहल का उद्देश्य वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों को प्रदान की जाने वाली देखभाल और पोषण की गुणवत्ता को बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम में प्रेरणा महिला समिति (पीएमएस) की अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा शर्मा भी उपस्थित थीं, जिन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास के प्रति एनटीपीसी लारा की निरंतर प्रतिबद्धता की सराहना की। उनके साथ पीएमएस के वरिष्ठ सदस्य, समर्पित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और वे बच्चे भी शामिल हुए जिन्हें इस सहायता से सीधे लाभ होगा। यह



साझेदारी स्थानीय कल्याण प्रयासों को मजबूत करने में औद्योगिक संस्थानों और जमीनी स्तर के संगठनों के बीच सहयोग के महत्व को उजागर करती है। वितरित किए गए बर्तन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संतुलित भोजन परोसने और समुदाय के सबसे छोटे सदस्यों के लिए एक सुरक्षित, पोषणदायक वातावरण बनाने में सहायता करेंगे। श्रीमती अनुराधा शर्मा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह की पहल महिला समूहों को सशक्त बनाती है और आंगनवाड़ी केंद्रों की संचालन क्षमता को बढ़ाती है, जिससे उनके द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है। यह आयोजन एनटीपीसी लारा के सतत सामुदायिक उत्थान के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर पर संयुक्त प्रयासों से प्राप्त होने वाले सकारात्मक प्रभाव का प्रमाण है।

---

# प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

विजयादशमी के उपरांत शुक्रवार की शाम से शनिवार सुबह तक राउरकेला में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण विसर्जन संपन्न हुआ। शहर के अधिकांश पंडालों की प्रतिमाओं को राउरकेला नगर निगम आरएमसी द्वारा बालूघाट में बनाए गए अस्थायी तालाब में विधिवत रूप से विसर्जित किया गया।

- शांतिपूर्ण माहौल में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन
- बालूघाट के अस्थायी तालाब में आरएमसी की विशेष व्यवस्था

विसर्जन से पहले विभिन्न क्षेत्रों से निकली शोभायात्राओं में भक्तों का उत्साह देखने लायक था। तीन अक्टूबर की शाम 6 बजे से चार अक्टूबर की सुबह छह बजे तक कुल 69 प्रतिमाओं का बालूघाट तालाब में विसर्जन किया गया, जबकि आठ प्रतिमाओं का विसर्जन बंडा मुंडा और तिलका नगर तालाबों में संपन्न हुआ। नगर निगम ने पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराईं। हाइड्रा मशीनों की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस, होमगार्ड और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। जिला प्रशासन और नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। नदियों और प्राकृतिक जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए सभी विसर्जन कार्य अस्थायी तालाबों में ही कराए गए। दो अक्टूबर को विजयादशमी के दिन भी कई प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। बालूघाट क्षेत्र में आस्था व्यवस्था और सांस्कृतिक सौहार्द का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जिसने राउरकेला की धार्मिक एकता और पर्यावरण जागरूकता दोनों को प्रकट किया।

---

# बरबट्टी की खेती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे केराबहार के किसान खुलेश्वर पैंकरा

**रायगढ़।** जिले के किसान पारंपरिक खेती से हटकर अब वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाते हुए अधिक मुनाफा देने वाली फसलों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इससे न केवल उन की आमदनी में वृद्धि हो रही हैए बल्कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं।

- कम लागत, अधिक उत्पादन बरबट्टी की खेती बनी खुशहाली का आधार

इसी कड़ी में लैलूंगा विकासखंड के ग्राम केराबहार निवासी खुलेश्वर पैंकरा ने अपनी मेहनत और लगन से 0.5 एकड़ भूमि में बरबट्टी की खेती कर अच्छा उत्पादन प्राप्त किया है। किसान पैंकरा बताते हैं कि उन्होंने उद्यान विभाग के सहयोग से आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग करते हुए बरबट्टी की फसल ली। परिणामस्वरूप बरबट्टी की बाजार दर 50 रुपए प्रति किलो होने से उन्हें 70,000 रुपए की सकल आय प्राप्त हुई। खेती में कुल लागत 20,000 रूपए आई, जिसके बाद उन्होंने 50,000 रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित



किया। बता दे कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा किसानों की आर्थिक उन्नति और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए पारंपरिक खेती के साथ साथ बागवानी एवं आयमूलक फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं उद्यान विभाग की सहायक संचालक श्रीमती रंजना माखीजा के मार्गदर्शन में इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब जमीन पर दिखाई देने लगे हैं। किसान खुलेश्वर पैकरा की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि किसान समय पर फसल चयन, उचित तकनीक और मेहनत को अपनाए तो सीमित संसाधनों में भी समृद्धि हासिल की जा सकती है। श्री पैंकरा को बरबट्टी की खेती से जहां आर्थिक लाभ मिला, वहीं इस फसल ने मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और जैविक खेती को प्रोत्साहन देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री पैंकरा बताते हैं कि वे इस वर्ष भी बरबट्टी की खेती कर रहे हैं और आने वाले समय में फसल का क्षेत्रफल बढ़ाने के साथ साथ आसपास के किसानों को भी इस दिशा में प्रेरित करने की योजना बना रहे हैं।

---

### जिले में 4 रूटों पर 5 से बसों का संचालन होगा प्रारंभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत अब जशपुर जिले में भी बसों का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। आज बस्तर और सरगुजा संभाग के सभी जिलों में बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसी कड़ी में जिले में 4 रूटों पर बस का संचालन किया जाएगा। कल 05 अक्टूबर निर्धारित समय पर बसें संचालित होंगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत जिले में दुलदुला से अबिरा, पत्थलगांव से बुलडेगा, कैलाशगुफा से बगीचा और सन्ना से चम्पा रूट पर बस का संचालन किया जाएगा। इससे जिले के ग्रामीण अंचलों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी और आमजन को आवाजाही में बड़ी सहूलियत मिलेगी। रणजीता स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत दुलदुला अध्यक्ष राजकुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा एवं प्रशांत कुशवाहा, सीईओ जनपद पंचायत लोकहित भगत, बस संघ अध्यक्ष केदार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# संस्कार स्कूल में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



**रायगढ़।** शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में 17 से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न आयोजन किए गए। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साह से भागीदारी निभाई। स्कूल परिसर व सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई कर जागरूकता रैली निकाली गई, इसके माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों के लिए स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सफाई कामगारों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सीबीएसई के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहले दिन स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वच्छता की शपथ ली। उसके बाद स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 से 30 सितंबर तक प्रतिदिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके माध्यम से बच्चों व आसपास के लोगों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए साफ सफाई के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने स्कूल परिसर की साफ सफाई कर पौधरोपण किया। ड्राइंगए पेंटिंग में छात्र छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इसी तरह एग्जीबिशन में बच्चों ने स्वच्छता से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा के तहत हमने स्कूल के सफाई कामगारों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया, जिसमें उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए उन्हें हाथों की अच्छी तरह से सफाई करने के तरीके बताए गए। बच्चों के अभिभावकों को भी स्कूल में आमंत्रित किया गया और उन्हें अपने घर व आसपास स्थल को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इन सब कार्यक्रमों में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने स्कूल की इस पहल को सराहा और खुद व अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने की बात कही। सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता को पुरस्कृत किया गया।

---

महाआरती में शामिल हुईं कौशल्या साय

# श्री जगन्नाथ मंदिर में एकादशी पर दीपों की जगमगाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में धार्मिक आस्था और परंपरा के अनुरूप एकादशी पर्व का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ किया गया। जगन्नाथ मंदिर, दोकड़ा में इस अवसर पर विशेष द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पूरे मंदिर परिसर को दीपों की रोशनी से आलोकित कर भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित किया गया।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की और भगवान जगन्नाथ की महाआरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। रथयात्रा के बाद यहां शुरू हुई एकादशी पर्व में द्वीप प्रज्वलन की कार्यक्रम, स्थानीय परंपरा और धार्मिक मान्यताओं से जुड़ी हुई है।श्रद्धालु मानते हैं कि इस दिन द्वीप प्रज्वलन कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।



**विभिन्न रंगों के फूलों से माला सजावट कर बच्चो ने बिखरे रंग**

इस अवसर पर बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न रंग-बिरंगे फूलों से सुंदर-सुंदर मालाओं की सजावट की और उन्हें मंदिर में अर्पित किया। इससे पूरा वातावरण और भी भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति-भाव से दीप जलाकर, इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पर्व की गरिमा को और अधिक बढ़ाया।

---

### टांगी से प्राणघात हमला आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मामूली सी बात पर नाराज ग्राम बरगवां निवासी केहटूराम बसदेवा (70 वर्ष) ने 17 जुलाई को गांव के ही दिनेश सिंह से गाली-गलौज कर टांगी से उसके सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। ग्रामीण के हमले में गंभीर दिनेश सिह का इलाज रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल में चल रहा था। पीड़ित के भाई मकरध्वज सिंह की रिपोर्ट पर दरिमा पुलिस ने धारा 296, 351, 115 के तहत मामला दर्ज किया था। उपचार उपरांत पीड़ित के घर लौटने पर उसका कथन लेने के साथ बेड हैड टिकट के आधार गंभीर चोट होने की जानकारी प्रकरण में धारा 109 जोडा तथा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। आरोपी ने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी कसे हमले में प्रयुक्त टांगी को बरामद करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

---

# बिजली दरों के खिलाफ हल्ला बोल

**कोतबा।** बढ़ती बिजली दरों और बिजली बिलों में हो रही मनमानी को लेकर कोतबा बागबहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को कारगिल चौक से लेकर बिजली कार्यालय तक नारेबाजी करते पदयात्रा कर बिजली आफिस के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर विद्युत कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी की गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। बगबहार नायाब तहसीलदार करण सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कोतबा बागबाहर के ब्लॉक अध्यक्ष पूनम पैंकरा ने किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रत्ना पैंकरा, शहरी मंडल अध्यक्ष सुमित शर्मा ने अपनी बातें रखीं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से कोतबा बागबाहर के पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृति सिंह सिदार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र

- राज्यपाल के नाम सौपा ज्ञापन




एक्का, पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण शर्मा, कोतबा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष हरि यादव,शहरी मंडल अध्यक्ष सुमित शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, पार्षद आकाश मित्तल पार्षद अहिल्या केरकेट्टा, पार्षद उर्मिला तिर्की, जानकी यादव, ग्रामीण उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव पूर्व बीडीसी मुरली यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, सुरंगपानी मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, अमन शर्मा, हरिहर सिदार, मोहन सिदार, अर्जुन यादव, मनोज सिदार, घनश्याम सिदार, अरुण सिदार, मोती यादव, परमेश्वर यादव,संजय शर्मा, ललिता सिदार सहित क्षेत्र भर के कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आदि कर्मयोगी अभियान : जिले के 315 ग्रामों का विजन 2030 विशेष ग्राम सभाओं में हुआ पारित



## खबर संक्षेप

### शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का शुभारंभ आज से



**रायगढ़।** 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 5 से 8 अक्टूबर तक किया जाएगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में 5 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे।

### सेवा पखवाड़ा के अवसर पर स्कूल में पौधरोपण



**रायगढ़।** सेवा पखवाड़ा पर्व के अवसर पर एकलव्य आदर्श विद्यालय छर्राटांगर में पौधरोपण एवं सेवा पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, अन्य जनप्रतिनिधि सहित स्कूली छात्राओं ने विद्यालय परिसर में आम, अमरूद, लीची, पीपल और काजू के पौधे रोपे और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधारोपण को जरूरी बताया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष है, इसकी आवश्यकता सभी को समझनी होगी। मौके पर बीडीसी श्रीमती अंबिका मुकेश राठिया, सरपंच छर्राटांगर श्रीमती सुखमती श्रीकांत राठिया, प्राचार्य मनीराम जांगड़े, उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा मनमोहन मिश्रा, वन परिक्षेत्राधिकारी घरघोड़ा चंद्रकुमार राठिया उपस्थित रहे।

### ब्रह्माकुमारी पुसौर द्वारा मां दुर्गा की चैतन्य झांकी

**पुसौर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पुसौर द्वारा आयोजित मां दुर्गा की चैतन्य झांकी संपन्न हुई। ज्ञानामृत का वरदान देने वाली ब्रह्मकुमारीज बहनें जब देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो यह निर्णय करना मुश्किल हो जाता है कि यह सजीव है या जड़ मूर्तियां इनके सम्मुख बैठने से मानसिक शांति के साथ साथ बेहद आत्मीयता और अलौकिकता की अनुभूति होती है। हम सभी अपने आसपास के लोगों में देवी देवताओं का स्वरूप देखें तो समाज में फैली नकारात्मकता को रोका जा सकता है। ब्रह्माकुमारीज़ बहनों द्वारा प्रस्तुत यह झांकी इस गूढ़ संदेश को बहुत सुंदरता से जनजन तक पहुंचा रही है। इसके साथ ही संस्था प्रमुख राजयोग शिक्षिका जेमा बहन एवं सीता बहन द्वारा नगरवासियों को तनाव मुक्त एवं खुशनुमा जीवन के लिए निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन कोर्स हेतु स्थानीय सेवा केंद्र में आमंत्रित किया गया है।

## युवक की संदेहास्पद मौत पर परिजन को हुआ शक, पुलिस ने कराया री-पीएम

# संजीवनी 108 वाहन से लापता अटेंडर मिला घायल अस्पताल में मौत के बाद थाने के सामने चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो के बाद उनके शवों के साथ अटेंडर बनकर संजीवनी 108 से अस्पताल जा रहा युवक अचानक वाहन से लापता हो गया। इसके कुछ देर बाद वह सड़क पर घायल अवस्था में मिला तो उसे भी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। इस घटना के बाद शनिवार की सुबह मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में पहले थाने का घेराव कर दिया और पुलिस से बहसबाजी के बाद फिर शव को थाने के बाहर की सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। युवक की संदेहास्पद मौत पर परिजन आशंका जता रहे थे, ऐसे में पुलिस ने उसका दोबारा पीएम कराया है।

दरअसल खम्हार निवासी आशीष राठिया और सरोज राठिया दशहरा मेला देख कर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी मिरीगुड़ा के पास वो सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गए, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची संजीवनी 108 में दोनों युवकों के शव को रखते हुए खम्हार गांव का ही रहने वाले नरेश कुमार राठिया को अटेंडर बनाकर वाहन में बैठाया गया और फिर संजीवनी 108 धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल के लिए रवाना हुई। चौकाने वाली बात यह है कि जब संजीवनी 108 अस्पताल पहुंची तो वाहन में सिर्फ दो शव ही थे, अटेंडर नरेश कुमार राठिया वाहन से गायब मिला। इस घटना के करीब आधे घंटे बाद डायल 112 की टीम नरेश कुमार राठिया को घायल अवस्था में लेकर अस्पताल पहुंची, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।



### आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आन्दोलन

नरेश कुमार राठिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शनिवार की सुबह उसके परिजन व खम्हार गांव के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर में मृतक नरेश राठिया के शव लेकर थाने के सामने पहुंचे और थाने का घेराव कर दिया। जहां पुलिसकर्मियों द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया तो उनके बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने थाने के सामने ही मृतक के शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि संजीवनी 108 और डायल 112 की टीम को उनके सामने बुलाकर दोनों का बयान दर्ज करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। वहीं दोषी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधिकारियों से मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने दोपहर करीब डेढ़ बजे के आंदोलन समाप्त किया।

### भंवरखोल में सड़क पर पड़ा था नरेश

डायल 112 के एएसआई ने बताया कि नरेश कुमार राठिया भंवरखोल गांव के पास मुख्यमार्ग में घायल अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी सूचना पर राइनो टीम मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अब यह सवाल उठ रहा है कि संजीवनी 108 वाहन से नरेश कैसे गायब हो गया, क्या चलती वाहन से वो कूद गया, अगर कूदा भी तो वाहन चालक को कैसे भनक नहीं लगी। इसके अलावा उसकी गलती क्या थी जो वो वाहन से कूद गया होगा, वह तो सिर्फ अटेंडर बन कर अस्पताल जा रहा था। परिजनों और ग्रामीणों के बीच इस तरह के सवाल उठ रहे हैं। इधर संजीवनी 108 के चालक का कहना है कि नरेश को वाहन में बैठाया गया था, लेकिन वह कब और कैसे उतरा इसकी उन्हें भी जानकारी नहीं है।

### शक को कर दिया गया है क्लीयर : एसडीओपी

इस संबंध में धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि उक्त घटना दशहरा के दिन देर रात को हुई है। एक्सीडेंट में पहले दो की मौत हो चुकी थी। उसी परिवार का लड़का नरेशन उनके साथ में एंबुलेंस में बैठ कर अस्पताल जा रहा था। चूंकि एंबुलेंस में दो लाशें थी तो वह डर गया और एंबुलेंस के पीछे दरवाजे को खोल कर कूद गया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का कहना था कि वह ऐसे कैसे एंबुलेंस से गिर सकता है। घटना के बाद मृतक का पीएम कराया गया था जिसमें डॉक्टर की जो रिपोर्ट आई उसमें तो एक्सीडेंट से मौत का खुलासा हुआ। परिजनों को तब भी लग रहा था कि कुछ तो इसमें गलत हुआ है, ऐसे में हमनें पुनः मेडिकल कॉलेज में उसका दोबारा पीएम कराया, उसमें भी एक्सीडेंट में मौत पाया गया है। जहससे परिजनों का शक क्लीयर हो गया और वो मान गए हैं।

### नाबालिग से मारपीट वीडियो वायरल

**राउरकेला।** राउरकेला के सेक्टर-5 स्थित दीपिका ईएम स्कूल के बाहर 26 सितंबर को एक नाबालिग छात्र के साथ आधा दर्जन युवकों ने बेरहमी से मारपीट की और अपहरण कर स्कूटी में वीआईपी रोड सेक्टर-20 तक ले गए। आरोपियों ने युवक को लात-घूसों से पीटा और उससे वायरल एक व्हाट्सएप संदेश के संबंध में पूछताछ की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मामला उजागर हुआ। पुलिस इंस्पेक्टर राकेश कुमार स्वाइ के नेतृत्व में 3 अक्टूबर को सेक्टर-7 पुलिस गश्त के दौरान वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित छात्र और उसके पिता की मौजूदगी में बयान दर्ज किया। पीड़ित ने आरोप लगाया की मौज खान, मोहम्मद सामिम, अरबाज, मोहम्मद युसुफ सहित कुछ अन्य युवक इस घटना में शामिल थे। पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ इस मामले से जुड़े दो नाबालिग गिरफ्तार किए गए हैं। जिन्हें आज जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धाराएं 126(2), 296(a), 115(2), 137(2), 351(2) और 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर गहन तहकीकात शुरू कर दी है। वायरल वीडियो पर पुलिस ने कार्रवाई में तेजी लाई है। यह मामला राउरकेला में बच्चों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है।

## 2 करोड़ की ठगी कर फरार हुई महिला पीड़िताओं की पुलिस पर टिकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

भरोसे और मीठी बातों के सहारे लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ममता नायक नामक एक महिला ने तकरीबन 2 करोड़ रुपए का हेरफेर कर कई महिलाओं को अपना शिकार बनाया और अब फरार हो गई है।

सूत्रों के अनुसार ममता नायक पढ़ी लिखी और सभ्य परिवार से होने का आभास कराती थी। उसका पहनावा और बातचीत का तरीका लोगों को तुरंत भरोसा दिला देता था। इसी भरोसे को हथियार बनाकर वह महिलाओं को अपने जाल में फंसाती थी। बताया जा रहा है कि वह निवेश, व्यवसाय या जरूरत के नाम पर पैसों की मांग करती और धीरे धीरे लाखों की रकम ऐंठ लेती थी। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि ममता नायक उन्हें भरोसा दिलाती थी कि उनका पैसा सुरक्षित रहेगा और जल्द ही मुनाफा भी मिलेगा। वहीं जब रकम बड़ी हो गई तो वह अचानक से गायब हो गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कुल मिलाकर ममता ने करीब 2 करोड़ रुपए की ठगी की है। फिलहाल मामले की जानकारी पुलिस तक पहुंच चुकी है और जांच जारी है।

पुलिस का कहना है कि आरोपों की पुष्टि के बाद महिला के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उसके ठिकाने का पता लगाने के लिए टीम गठित की गई है। पीड़ित महिलाएं अब न्याय और अपनी गाढ़ी कमाई की वापसी की उम्मीद में पुलिस प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठी हैं।

### 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता सप्ताह

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 8 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, रोग की शीघ्र पहचान और पूर्ण उपचार के लिए लोगों को प्रेरित करना है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है। यदि रोग के लक्षणों की शीघ्र पहचान कर उपचार प्रारंभ किया जाए तो रोगी पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकता है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

## मुआवजा राशि के बंटवारे को लेकर सास-दामाद की हुई थी हत्या

**घरघोड़ा पुलिस ने मृतक के बेटे और एक अन्य आरोपी को किया गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस ने रायकेरा में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का खुलासा महज़ 24 घंटे में करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि हत्या का कारण एनटीपीसी मुआवजा राशि के बंटवारे को लेकर चल रहा पुराना विवाद था।

दरअसल 3 अक्टूबर को ग्राम रायकेरा के कोटवार सकिर्तन राठिया ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के घुराउ राम सिदार 55 वर्ष और उनकी सास सुकमेत उर्फ सुखमेत सिदार 70 वर्ष का शव उनके ही घर की परछी में पड़ा है। दोनों की गला घोंटकर हत्या की गई थी। सूचना मिलते ही एसडीओपी धरमजयगढ़, घरघोड़ा पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत गला दबाने और मारपीट के कारण होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। मामले की गहराई से जांच में पुलिस को शक के घेरे में आए मृतक के बेटे रविशंकर सिदार और रामप्रसाद सिदार से पूछताछ की गई। दोनों ने पूछताछ में जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मृतक और मृतिका का आरोपी रामप्रसाद के बीच एनटीपीसी के मुआवजा रकम को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पहले भी कई बार इनका झगडा विवाद हो चुका था, मृतक का बेटा रविशंकर सिदार, रामप्रसाद सिदार के उकसाने पर पूर्व में अपने पिता मृतक घुराउ राम सिदार के साथ कई बार मारपीट कर चुका था। इसी रंजिश में 2 अक्टूबर की शाम को रविशंकर सिदार और रामप्रसाद सिदार एक साथ मिले और रविशंकर ने अपने पिता घुराउ राम की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना को देखकर जब घुराउ राम की सुखमेत ने विरोध किया तो उसकी भी आरोपियों ने गला दबाकर हत्या कर दी गई। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त रस्सी बरामद कर ली है। वहीं दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।



## पोखर में डूबे दो सगे भाई, गांव में छाया मातम

**छोटे को बचाने कूदा बड़ा भाई, दोनों की हो गई मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़

हिमगीर थाना क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत अंतर्गत झुपुरुंगा चिटकेनढिपाड़ा गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के पोखर में नहाने गए दो सगे भाई पानी में डूब गए, जिससे उनकी असमय मौत हो गई। मृतकों की पहचान झुपुरुंगा चिटकेनढिपाड़ा निवासी चित्त माकर (40) और देवाशीष माकर (20) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों भाई दोपहर को नहाने के लिए गांव के पोखर पर गए थे।

इस दौरान छोटा भाई गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में बड़ा भाई भी पोखर में कूद पड़ा, लेकिन वह स्वयं भी पानी के तेज बहाव में फंसकर बाहर नहीं निकल सका। परिजनों और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन देर रात तक दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद बलिंगा फांड़ी पुलिस और नगर सेना की टीम को सूचना दी गई। रात में नगर सेना की टीम ने पोखर से छोटे भाई चित्त माकर का शव बरामद किया, जबकि सुबह बड़े भाई का शव भी मिल गया। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## पुलिस ने फरार गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस ने ओडिशा से गांजा लाकर शहर में सप्लाई करने वाले गिरोह के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम सुलेमान लकड़ा उर्फ सुले 21 वर्ष निवासी छातामुड़ा संत विनोबा नगर है, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

दरअसल 25 अगस्त की शाम पुलिस ने गुप्त सूचना पर गढ़उमरिया मेन रोड में घेराबंदी कर ओडिशा से गांजा लेकर रायगढ़ की ओर आ रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा था। पकड़े गए आरोपियों में दिलीप सिंह राजपूत निवासी बाझीनपाली और नाबालिग बालक शामिल थे। दोनों के कब्जे से 1 किलो 558 ग्राम गांजा जप्त किया गया था। पूछताछ में दोनों ने बताया था कि वे फरार आरोपी सुलेमान लकड़ा के साथ मिलकर ओडिशा से अवैध रूप से गांजा लाकर रायगढ़ क्षेत्र में बिक्री करते हैं। इस मामले में आरोपी सुलेमान लकड़ा फरार था। मुखबिर की सूचना पर शनिवार को घेराबंदी कर पुलिस ने सुलेमान लकड़ा को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिवेदन तैयार कर सक्षम न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे रिमांड पर जेल भेजा गया है।








## ग्रामीण अंचल में फल-फूल रहा है अवैध शराब का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर अंचल के गांव-गांव में बडे पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। गांव-गांव में देशी महुआ शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इन अवैध शराब बिक्री करने वालों पर आबकारी विभाग व पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे शराब विक्रेताओं का हौसला बुलंद है। जिससे ग्रामीण अंचल में शराबखोरी भी बढ़ गई है। ग्रामीण स्तर में इन दिनों शराब बनाने व बिक्री करने की होड मची हुई है। गांव-गांव में शराब कोचियों के माध्यम से शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। क्षेत्र के शाम होते ही शराबियों की भीड लग जाती है।

### राजस्व विभाग को हो रहा भारी नुकसान

सरकार के राजस्व का बहुत बड़ा हिस्सा शराब का होता है जो शराब शासन द्वारा संचालित देशी और अंग्रेजी शराब दुकानो में बिक्री होती है उससे सरकार की एक अच्छी खासी आय प्राप्त होती है। लेकिन क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब का असर राजस्व पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब कम दाम में शराब गाव में ही मिल जा रहा है तो अधिक दाम में शराब दुकान से क्यो खरीदें। इस अवैध शराब को रोकने पूरा तंत्र मौजूद है। गावों में कोटवार, ग्राम सरपंच सचिव, विभिन्न समूह तैनात हैं, उसके बावजूद भी अवैध शराब पर अंकुश नही लग पाना विभाग की विफलता मानी जा रही है।




## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री का किया स्वागत

**रायगढ़।** रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत करते हुए सूबे के वित्त मंत्री व विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने कहा कि आपके सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन से प्रदेश की सुशासन सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। आपके सहयोग से सुरक्षा, विकास और जनसेवा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने नई ऊंचाइयों को छुआ है।

### ग्राम पंचायत छाल में मनी गांधी जयंती

**कुड़ेकेला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के श्रीमती प्रिया रजक के आदेशानुसार 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत छाल में गांधी जयंती मनाया गया। इस दौरान वहां शिक्षक, ग्राम पंचायत सरपंच मालती राठिया, पंचगण और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पैरा लिगल वॉलिंटियर मौशमी शर्मा द्वारा विधिक साक्षरता का उद्देश्य बताते हुए नालसा योजना के बारे में नालसा हेल्पलाइन 15100, महिला हेल्पलाइन 181 पर आवश्कता पड़ने पर कॉल करने की बात कही गई।

### छपरिगंज में रावण दहन जमकर हुई आतिशबाजी

**खरसिया।** नगर के छपरिगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पीछे स्थित कालोनी में दशहरा का पर्व कालोनीवासियों के द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजा राम के द्वारा बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन कर जय श्री राम के नारे लगाते हुए एक दूसरे को असत्य पर सत्य की विजय के इस महापर्व की बधाइयां दी गई। गौरतलब है कि असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक इस पर्व पर प्रतिवर्ष रावण का पुतला दहन किया जाता है, इस पर्व के अवसर पर छपरिगंज निवासियों के द्वारा कालोनी में मंच बनाकर रामायण के प्रसंग जैसे हनुमान जी की अशोक वाटिका में सीता माता से भेंट, राम रावण युद्ध, राम राज्य गद्दी जैसे प्रसंगों का सफल मंचन किया गया जिसमें कालोनी के सदस्यों और नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सभी पात्रों का किरदार निभाया गया। कालोनी में ही राजा रामचंद्र के द्वारा रावण का पुतले का दहन भी किया गया तथा जमकर आतिशबाजी की गई, इस अवसर पर रमेश डभरा, नरेंद्र अग्रवाल शंटी, अजय गोयल, सुनील पत्रकार, हिमांशु गोयल, संजू अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, जय प्रकाश अग्रवाल, नयन सुल्तानिया, अजय शर्मा, अनूप शर्मा के साथसभी मोहल्लेवासी उपस्थित थे, वहीं रामायण के पात्रों के बारे में जानकारी देते हुए मंच का सफल संचालन श्रीमती सुशील अजय गोयल ने किया, कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**सरसीवा।** 2 अक्टूबर को आतिशबाजी करते हुए राम, लक्ष्मण के जुलूस के साथ भारी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु मंडी प्रांगण पहुंचे, जहां 40 फिट रावण का दहन किया गया। रावण समिति निर्माण के द्वारा अनेकों प्रकार के रंग बिरंगी महंगे महंगे आतिशबाजी किया गया। जिसे देख भीड़ आनंद ले रहे थे।

### आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में हुई ऐतिहासिक पहल

# आदि कर्मयोगी अभियान : जिले के 315 ग्रामों का विजन 2030 विशेष ग्राम सभाओं में हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना आदि कर्मयोगी अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले के सभी 315 आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इन ग्राम सभाओं के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत ने अपनी ग्राम कार्ययोजना एवं ग्राम विजन 2030 को पारित किया। यह विजन दस्तावेज आने वाले वर्षों के लिए ग्रामों के समग्र एवं सतत विकास का खाका प्रस्तुत करेगा।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे ने बताया कि सभी ग्राम सभाओं द्वारा पारित ग्राम कार्ययोजनाओं को संकलित कर जिला स्तर पर समग्र कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके उपरांत यह योजना 12 अक्टूबर तक राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिन्हें एकल खिड़की प्रणाली के तहत संचालित किया जाएगा। इन केंद्रों से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रशासनिक सेवाएं जनजातीय अंचलों के अंतिम छोर तक पहुंच सकें। बता दें कि आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ 10 जुलाई को किया गया था। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में शासन की सेवाओंए योजनाओं और ढांचागत सुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है, जो ग्राम स्तर पर विकास कार्यों के समन्वय में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही 20 आदिवासी युवाओं का कैडर भी तैयार किया गया है, जो ग्राम कार्ययोजना निर्माण में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विकास के लिए ठोस दिशा प्रदान कर रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पर्व मनाया गया। इस दौरान 315 ग्रामों में सेवा शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान कार्ड, पीएम जनधन खाता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जनजागरण और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शिविरों में नुक्कड़ नाटक, ट्रांजैक्ट वॉक एवं सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों की आकांक्षाओं एवं प्राथमिकताओं को सीधे विकास योजना का हिस्सा बनाया गया। विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों ने अपने गांव के विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, कृषि, स्वरोजगार, पोषण एवं आजीविका से जुड़ी मांगों को प्राथमिकता देते हुए साझा ग्राम विजन 2030 तैयार किया।

## फ्लाईएश की अवैध डंपिंग बंद नहीं होने पर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़



■ सुंदरगढ़ भाजपा और ट्रक मालिक संघ ने 5 अक्टूबर से परिवहन ठप करने की घोषणा

जिले में फ्लाईऐश के अवैध डंपिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी भाजपा सुंदरगढ़ जिला इकाई और यूनाइटेड फ्लाईऐश ट्रक ओनर्स एसोसिएशन डर्लीपाली ने कड़ा रुख अपनाया है। दोनों संगठनों ने 5 अक्टूबर रविवार से फ्लाईऐश परिवहन पूरी तरह बंद करने की घोषणा की है।

इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष और एसोसिएशन के महासचिव ने सुंदरगढ़ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि अवैध स्थानों पर फ्लाईऐश के डंपिंग की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। पत्र में कहा गया है कि इस मुद्दे पर 22 सितंबर को जिला प्रशासन को सूचना देने के बावजूद न तो कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही दोषियों पर कार्रवाई की गई। इससे नाराज होकर दोनों संगठनों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल, प्रदर्शन और परिवहन गतिविधियां स्थगित करने का निर्णय लिया है। पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, पुलिस अधीक्षक सुंदरगढ़, उपजिलाधिकारी सुंदरगढ़, एनटीपीसी डर्लीपाली के प्रमुख और भस्मा पुलिस थाने के आईआईसी को भी भेजी गई है।

ज्ञात हो की राज्य एनसीपी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने बीते दिनों यह गंभीर मुद्दा एसपीसीबी प्रदूषण नियंत्रण विभाग व अन्य प्रशासनिक अमलों की नाकामी व मिलीभगत का नतीजा है कहते हुए ध्यानाकर्षण किया था। भाजपा और ट्रक मालिक संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन अवैध डंपिंग पर रोक लगाने और दोषियों पर कार्रवाई करने के ठोस कदम नहीं उठाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## संघ स्थापना के 100वें वर्ष पर पंच परिवर्तन अपनाने अरूणधर ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



संघ स्थापना के उद्देश्य देश को संघ की आवश्यकता के साथ संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए जिला भाजपा ध्यक्ष अरुण दीवान ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे पंच परिवर्तन को अपनाएं।

अरूण धर दीवान ने कहा कि हम सभी के लिए राष्ट्र सदैव प्रथम था और आगे भी रहेगा। राष्ट्र के परम वैभव के लिए पंच परिवर्तन के अंतर्गत हम सभी कार्यकताओं को अपने दैनिक जीवन में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली एवं स्वदेशी को नितान्त रूप से अपनाना चाहिए। डॉ. हेडगेवार ने संघ स्थापना का लक्ष्य हिंदू समाज को संगठित कर भारत को समर्थ और वैभवशाली राष्ट्र बनाना रखा। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए गुणवान, अनुशासित, देशभक्ति भावना से ओत प्रोत, चरित्रवान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की जरूरत थी।

ऐसे कार्यकर्ताओ का निर्माण करने के लिए हेडगेवार ने दैनंदिन शाखा की कार्यपद्धति संघ में विकसित की। संघ ने इस कार्यपद्धति से शाखा की पाठशाला में लाखों योग्य कार्यकर्ता तैयार किए जो इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए 100 वर्षों से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। सौ वर्ष की इस यात्रा में संघ का उपहास हुआ कई बार आलोचना का शिकार होना पड़ा। तमाम विरोध के बाद भी संघ सामाजिक स्वीकार्यता की स्थिति में पहुंच गया है। संघ अपनी अनुपम कार्यशैली निःस्वार्थ सेवा के साथ स्वयंसेवकों के निस्स्वार्थ देशभक्ति के आचरण की वजह से भारतीय जनमानस के मानस पटल पर अमिट छाप छोड़ने के साथ साथ समाज का विश्वास जीतने में सफल रहा। भारत के 98 प्रतिशत जिलों और 92 प्रतिशत खंडों में संघ की शाखाएं चल रही हैं। देशभर में 51,740 स्थानों पर 83,129 दैनिक शाखाएं तथा अन्य 26,460 स्थानों पर 32,147 साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं, जो लगातार बढ़ रहे हैं। इनमें 59 प्रतिशत शाखाएं युवाओं छात्रों की शामिल हैं।गायों का संरक्षण, संवर्धन एवं नस्ल सुधार करते हुए जैविक खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण, प्रबोधन एवं प्रोत्साहन देने की दृष्टि से ष्गौ संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य भी संघ के उद्देश्यों में शामिल है। 100 वर्षों से संघ का महायज्ञ अनवरत चल रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं और चुनौतियों का समाधान कर, समाज में स्थायी परिवर्तन लाने हेतु समाज की व्यवस्थाओं का युगानुकूल निर्माण करना, संघ का लक्ष्य है।

### केंद्रीय छठ पूजा समिति ने एडीएम से की मुलाकात

**राउरकेला।** आगामी छठ पर्व की तैयारी को लेकर शनिवार को केंद्रीय छठ पूजा समिति की ओर से शहर के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एकजुट होकर एडीएम राउरकेला से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख छठ घाटों की सफाई, मरम्मत और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के कोऑर्डिनेटर व दूत के संयोजक कृष्णा साहू ने किया। प्रतिनिधियों ने बताया कि घाटों की जर्जर स्थिति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की तत्काल सुधार आवश्यक है ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो वहीं मरम्मत कार्य व अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम समय में न कर जल्द आरम्भ करने की अपील की। एडीएम ने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं और समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि राउरकेला में छठ पूजा शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हो सके।

## रजत जयंती वर्ष पर कौशल सप्ताह का आयोजन 6 से 10 अक्टूबर तक

■ युवाओं के लिए आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधि

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कौशल विकास विकास प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा 6 से 10 अक्टूबर 2025 तक कौशल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता से जोडने की पहल की जाएगी।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल सप्ताह के अंतर्गत 6 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। इसी तरह 7 अक्टूबर को रोजगार मेला, उद्यमिता एवं लोन के संबंध में कार्यशाला तथा उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान का आयोजन होगा। जिसमें प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा से युवाओं को अवगत कराया जाएगा एवं उनसे आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहित करने विभिन्न सेक्टर के विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान होगा।

8 अक्टूबर को कौशल उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके तहत प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक समस्त वीटीपी केन्द्र में कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षणरत युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन होगा। 9 अक्टूबर को लाइवलीहुड कालेज रायगढ़ एवं 10 अक्टूबर को जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत नेतनागर में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कौशल पखवाड़ा एवं कौशल विकास योजनान्तर्गत 14 से 45 आयु वर्ग के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु मोबालाईजेशन किया जाएगा। इसी तरह 10 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में कौशल प्रशिक्षण से संबंधित अंतर्विभागीय संगोष्ठी का आयोजन होगाए जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी एवं बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी।

### मानव सेवा की राह पर अभिनव स्कूल का एनएसएस

**पुसौर।** गांधी जयंती तारतम्य में अभिनव विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के एनएसएस के सेवाभावी छात्र-छात्राओं ने अपनी अमूल्य सेवा भावना का परिचय देते हुए भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाया व भोजन वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं में हाथ बटाएं।

यह सेवा कार्य केवल प्यास बुझाने व भोजन करवाने तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसने समाज को यह अनुपम संदेश दिया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सम्पन्न इस कार्यक्रम ने न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाया बल्कि मां बिजाटीपलहीन धाम की पावन धरा को भी सेवा और समर्पण के दिव्य भाव से आलोकित किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजन विद्यार्थियों की इस सेवा भावना से अभिभूत हो उठे और निरंतर जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के धार्मिक व सामाजिक सेवा कार्य को और व्यापक रूप दिया जाएगा। निःसंदेह यह आयोजन एक अनूठा उदाहरण है जहां धार्मिक आस्था और समाज सेवा का अद्वितीय संगम है। सेवा ही सच्ची साधना सेवा ही सर्वोच्च उपासना है।

## जलजीवन मिशन के ठेकेदार की मनमानी से खुडूभाठा व बरतुंगा के ग्रामीण परेशान



**अनेकों गांव का हाल बेहाल**
अनेकों गांवों में जल जीवन मिशन के तहत अच्छी खासी सीसी रोड को तोड दिया गया है। अभी तक पाइप लाइन वैसे ही पड़ा है। जबकि बारिश के कारण गांव-गांव कीचड़ में तब्दील हो गए हैं, फिर भी ठेकेदार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। गड्ढों के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**कोसीर।** ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना में कई जगहों पर पाइप लाइनें बिछाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीच पाइप बिछाने के नाम पर गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं जो अभी तक वैसे ही बने हुए हैं। बारिश के चलते इन गड्ढों में पानी जमा हो जाता हैं।

सारंगढ़ तहसील क्षेत्र में कई स्थानों पर पाइप लाइनें बिछाने का कार्य किया जा रहा है। विभाग के अनुसार गांव-गांव में पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। वहीं खुडूभाठा से बरतुंगा पहुंच मार्ग जो एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ता है, वहां जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा करीब 11 माह पहले गढ्ढा खोद कर रखा गया है, जिससे ग्रामीण सड़क में बने गड्ढे से आक्रोशित होकर जल जीवन योजना के संबंधितों के खिलाफ मुखर हो गए हैं। बारिश में बढ़ रही परेशानी को देखते हुए ग्रामीण एवं गांव के प्रधान में ठेकेदार के खिलाफ काफ़ी नाराजगी देखी जा रही है। ग्राम प्रधान ने बताया कि योजना के तहत लंबे समय से गांव में काम शुरू हुआ था। यह अभी तक किसी भी मोहल्ले में पूर्ण नहीं हुआ है। जगह-जगह पाइप लाइन का काम अधूरा छोड़ दिया है। पाइप लाइन का कार्य अधूरा होने के चलते गांव की सड़कों में बारिश के समय चलना दूभर हो गया है। इनमे चलने वाले गांव के कई लोग चोटिल हो चुके हैं। और अक्सर दो पहिया, चार पहिया वाहन इसमें फसते रहते है ग्राम प्रधान का आरोप था कि ठेकेदार लापरवाही कर रहा है।

### मां बंजारी धाम में नवरात्र दीपोत्सव का समापन



**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा निर्देश एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी तहसीलदार रिचा सिंह के कुशल मार्गदर्शन में शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व 70 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन दुर्गानवमी में सामूहिक हवन पूजन, नवकन्याओं की पूजा अर्चना कर कन्या भोज, ब्राम्हण भोज के बाद महाभण्डारा प्रसाद खिलाया गया।

शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्र, दीप प्रज्जवलन, नवदुर्गा सप्तशती विधि विधान के साथ पूजापाठ नवमी को 5 कुण्ड में सामूहिक हवन पूजन में सैकड़ो माता बहनो भक्तजनो ने शामिल होकर आहुति दी गई। नवरात्र पर्व में जनप्रतिनिधियों, न्यायधीश, प्रशासनिक अधिकारी, सैकड़ों विशिष्ठ व्यक्तियों एवं हजारो लोगो ने मॉ बंजारी के चरणों में फल फूल अर्पित कर आशीर्वचन लिए। विशाल 3 दीप गृह में 3700 ज्योति कलश प्रज्बलित किया गया था। मां बंजारी समिति द्वारा पार्किंग, पानी, पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन, प्रसाद भोग, हर दिन भोजन, महाभण्डारा की बेहतर व्यवस्था की गई। स्थानीय उद्योग सुनील स्पंज आयरन, जेपीएल, रायगढ़ इस्पात, सालासर स्टील, स्कैनिया स्टील, नवदुर्गा फ्यूल्स, एबीएसस्पंज, अजय रोलिंग मिल, रुपाणा धाम स्टील, बजरंग बंसल, सिंघल इंटरप्राइजेज द्वारा हर दिन दोपहर व रात्रि को भोजन भंडारा दी गई।

## सक्ती में 5 को वैष्णव महासभा का प्रांतीय सम्मेलन

**सरिया।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा का प्रांतीय सम्मेलन 5 अक्टूबर रविवार को सक्ती के मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश के वैष्णव समाज के लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम में निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह, युवक युवती परिचय सम्मेलन, मेधावी छात्र छात्रों का सम्मान, भागवताचार्यों का सम्मान, सीनियर सिटीजनों, एवं पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश के महिला विंग पदाधिकारियों युवा पदाधिकारियों भी विशेष रूप से कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैष्णव समाज के राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव एवं छग प्रांतीय अध्यक्ष पूरण दास वैष्णव, प्रांतीय महिला अध्यक्षा श्रीमती लता रानी वैष्णव लोरमी एवं जानकी दास वैष्णव उप महासचिव विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

Head Office Katghora, Korba (C.G.)
VEW
SINCE 1991

SPECIALIST IN
◆ RICE MILL
◆ FLOUR MILL,
◆ DAL MILL
◆ HATHU PLANT
◆ LAC PLANT
◆ FAFAR PLANT
◆ MILLET PLANT
◆ FLY ASH BRICKS PLANT
◆ NON HUMAN TOUCH AUTOMATIC READY TO EAT MACHINE
High Quality Plant Machinery Manufacturer
RICE MILL PLANT
FLY ASH BRICKS PLANT
VISHWAKARMA INDUSTRIES
AMBIKAPUR ROAD, KATGHORA, DISTT. - KORBA (C.G.) 495445
Email: vew_ktg@yahoo.com, Mo. 9893535551, 9977093574
Branch Office Raipur: 9893840391

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411